जपं निधि से किया आवास मरम्मत और सजावट का पेमेंट

सेंधवा जनपद अध्यक्ष ने सीईओ अंजली बड़ोले पर सरकारी राशि के दुरूपयोग का लगाया आरोप, कार्रवाई की मांग

सेंधवा, (नवभारत)। जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली बडोले द्वारा शासकीय राशि के कथित दुरुपयोग किए जाने का मामला सामने आया है। जनपद पंचायत अध्यक्ष लताबाई सिताराम पटेल ने कलेक्टर सहित अन्य को लिखित शिकायत करते हुए उक्त आरोप लगाए है। हालांकि मामले में शिकायत किए जाने के करीब एक माह बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

शिकायत में सरकारी आवास की मरम्मत और साज-सज्जा पर जनपद पंचायत की वित्तीय योजनाओं की राशि खर्च किए जाने का उल्लेख करते हुए मामले की जांच एवं कार्रवाई की मांग की गई है।

शासकीय राशि के दुरुपयोग का आरोप

जनपद पंचायत अध्यक्ष लताबाई सीताराम पटेल द्वारा प्रस्तुत शिकायत में कहा गया है कि जुलाई 2025 में अंजली बडोले ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पदभार ग्रहण किया था। शिकायत के अनुसार पदभार ग्रहण करने के बाद उन्हें एसडीएम सेंधवा द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग का शासकीय आवास आवंटित किया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उक्त आवास के रिनोवेशन और मरम्मत कार्य का भुगतान जनपद पंचायत सेंधवा के खाते से पांचवे वित्त एवं पंद्रहवे वित्त योजना की राशि से कराया गयाए जो कि पूरी तरह नियमों के विरूद्ध है।

विकास कार्यों की राशि उपयोग करने का आरोप

शिकायत में उल्लेख किया गया है कि पांचवीं एवं पंद्रहवीं वित्त योजना की राशि जनपद पंचायत तथा उसके अधीन ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों पर व्यय किए जाने का प्रावधान है। आरोप लगाया गया है कि जुलाई से अक्टूबर 2025 के बीच शासकीय आवास की साज.सज्जा एवं मरम्मत का कार्य कराया गया। शिकायत के अनुसारए मजदूरों एवं सामग्री विक्रेताओं द्वारा भुगतान मांगे जाने पर फोन उठाना बंद कर दिया गया। इसके बाद 2 दिसंबर 2025 को मजदूरों एवं विक्रेताओं ने एसडीएम सेंधवा को जनसुनवाई में पत्र देकर अपनी समस्या से अवगत कराया।

जनपद की राशि से विक्रेताओं को भुगतान

शिकायत में दावा किया गया है कि एसडीएम को शिकायत के लगभग 15 दिन बाद जनपद पंचायत की राशि से विभिन्न विक्रेताओं एवं मजदूरों को भुगतान किया गया। शिकायत में राज एल्यूमिनियम को 60 हजार रुपयेए नोबल ट्रेडर्स को 25 हजार 250 रुपये एवं 25 हजार 180 रुपयेए गणेश चौहान को 63 हजार 160 रुपयेए वाघरे टाइल्स को 46 हजार 610 रुपयेए रॉयल हार्डवेयर को 30 हजार 562 रुपये तथा मां बिजासनी बिल्डिंग मटेरियल को 36 हजार 990 रुपये एवं 86 हजार 80 रुपये का भुगतान किए जाने का उल्लेख किया गया है।

जांच एवं कार्रवाई की मांग

लताबाई सिताराम पटेल ने शिकायत में आरोप लगाया है कि जनपद पंचायत की विकास निधि का उपयोग व्यक्तिगत आवास के कार्यों में किया गया। उन्होंने प्रकरण की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा अंजली बडोले दोषी पाए जाने पर उन्हें तत्काल निलंबित किए जाने की मांग की है। शिकायत की प्रतिलिपि अंतरसिंह आर्यए प्रभारी मंत्री जिला बड़वानीए सांसद गजेंद्र पटेलए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बड़वानी तथा अनुविभागीय अधिकारी सेंधवा को भी भेजी गई थीए लेकिन करीब एक माह बीत जाने के बावजूद मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

जनपद सीईओ का नहीं आया जवाब

मामले में जनपद सीईओ अंजली बड़ोले का पक्ष जानने के लिए उन्हें कॉल किया, लेकिन उनका मोबाइल स्वीच ऑफ था। आरोपों को लेकर उन्हें मैसेज भी किया गया, लेकिन उनका कोई जवाब नहीं आया।

रक्षित निरीक्षक-प्रधान आरक्षकों को लगाए सितारे

बड़वानी, (नवभारत)। पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार बड़वानी पुलिस के 102 आरक्षकों को आरक्षक से प्रधान आरक्षक पद पर पदौन्नत किया गया। साथ ही दो सुबेदारों को रक्षित निरीक्षक पद पर पदौन्नति दी। पदौन्नति के उपलक्ष्य में एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में न्यू कंट्रोल रूम में पदौन्नति समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के दौरान एसपी पद्मविलोचन शुक्ल एवं एसपी धीरज बब्बर द्वारा पदौन्नत प्रधान आरक्षकों को प्रधान आरक्षक पद के प्रतीक चिह्न धारण कराकर शुभकामनाएं दी गई।

पदौन्नत सूबेदार रजनी भार्गव और उषा सिसोदिया को रक्षित निरीक्षक पद के प्रतीक चिह्न धारण कराए। इस अवसर पर एसपी एएसपी ने दोनों पदौन्नत रक्षित निरीक्षकों के कंधों पर स्टार लगाकर पदौन्नति की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डीएसपी महिला सुरक्षा महेश सुनैया, डीएसपी अजाक निलेश्वरी डावर, रक्षित निरीक्षक चेतनसिंह बघेल, थाना प्रभारी बलजीतसिंह बिसेन, सुबेदार सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

जिला स्तरीय बैठक का किया आयोजन

पानसेमल/बड़वानी। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला बैठक राजपुर प्रखंड के ओझर में संपन्न हुई। भगवान श्रीराम, मां भारती के पुजन के बाद संगठन प्रांत मंत्री खगेंद्र भार्गव ने कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि संगठन के कार्य करते हुए आदर्श समाज का निर्माण करें। हम पहले चरित्रवान बने फिर हम समाज में जाकर समाज को संगठित कर सकेंगे।

उन्होंने अश्व नैव गजं नैव, व्याघ्रं नैव च नैव च। अजापुत्रं बलिं दद्याद् देवो दुर्बलघातकः। श्लोक का अर्थ बताते हुए कहा घोड़े, हाथी या शेर की कभी बलि नहीं दी जाती है। हमेशा कमजोर की बलि दी जाती हैं, इसलिए समस्याओं से लड़कर मजबूत बनो और समाज को संगठित करो। इस दौरान प्रांत संगठन मंत्री

खगेंद्र भार्गव, विभाग संयोजक जितेंद्र राठौड़, विभाग वक्ता प्रशिक्षण प्रमुख वीरेन्द्र शुक्ला, विभाग संगठन मंत्री वासुदेव पंड्या, विभाग सह मंत्री ललित तंवर, विभाग अर्चक पुरोहित प्रमुख राजा चौरसिया, जिला संयोजक विष्णु गोयल सहित बड़वानी सेंधवा जिला, पानसेमल, खेतिया, निवाली, प्रखंड, खंड पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया पारंपरिक दित्वारिया पर्व

▶ घरों के मुख्य द्वार पर लगाया गया पारम्परिक तोरण

निवाली, (नवभारत)। क्षेत्र के सुलगांव सहित आसपास के कई गांवों में रविवार को आदिवासी (बारेला) समाज का पारंपरिक पर्व दित्वारिया श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह त्यौहार मध्य प्रदेश के निमाड़ अंचल में बोवनी के बाद आने वाले पहले रविवार को मनाया जाता है व प्रकृति, खेती तथा

पूर्वजों के प्रति आस्था का प्रतीक माना जाता है।

पर्व के अवसर पर घरों के मुख्य द्वार पर सन की रस्सी में आम और नीम की पत्तियां, लाल मिर्च तथा प्याज बांधकर पारंपरिक तोरण लगाया गया। मान्यता है कि यह तोरण घर और परिवार की सुख-समृद्धि तथा नकारात्मक शक्तियों से रक्षा का प्रतीक होता है।

वहीं खेतों के बीच काली मटकी अथवा मृत बैल के सींग और हड्डी के साथ बांस की डाली स्थापित की जाती है। यह परंपरा फसल को बुरी नजर और प्राकृतिक विपत्तियों से बचाने तथा अच्छी उपज की कामना से जुड़ी हुई है। दित्वारिया के दिन परिवारों द्वारा घर के बाहर चावल बनाकर प्रकृति और अपने पूर्वजों को अर्पित किए जाते हैं। इसके बाद लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं।

सम्मान की अनूठी परम्परा

दित्वारिया पर्व निमाड़ की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, लोक परंपराओं और प्रकृति के प्रति सम्मान की अनूठी पहचान है, जो आज भी ग्रामीण अंचलों में पूरी श्रद्धा और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है।

नपा ने हटाए अवैध पोस्टर बैनर-फ्लेक्स

बड़वानी, (नवभारत)। शहर की सुंदरता, स्वच्छता व सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिका विशेष अभियान चलाया रही है। अभियान के दौरान 13 जुलाई को नपा टीम ने प्रमुख मार्गों, चौराहों, स्ट्रीट लाइट पोल, विद्युत पोल एवं वृक्षों पर बिना अनुमति लगाए पोस्टर, बैनर एवं फ्लेक्स को हटाया। साथ ही जिन पोस्टरों एवं बैनरों पर मोबाईल नंबर अंकित थे, उनसे दूरभाष पर संपर्क कर तत्काल अपने पोस्टर एवं बैनर हटाने के निर्देश दिए गए। नपा ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक

संपत्ति पर बिना अनुमति पोस्टर, बैनर एवं फ्लेक्स लगाना नियमों का उल्लंघन है। यदि संबंधित व्यक्ति इन्हें नहीं हटाते हैं, तो नगर पालिका द्वारा मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम एवं प्रचलित नियमों के तहत पोस्टर एवं बैनर हटाने के साथ-साथ नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

नगर पालिका परिषद ने सभी नागरिकों, व्यापारियों, संस्थाओं एवं आयोजकों से अपील की है कि वे किसी भी तरह के पोस्टर, बैनर या फ्लेक्स लगाने से पूर्व आवश्यक अनुमति प्राप्त करे तथा सार्वजनिक संपत्तियों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने में अपना सहयोग करे।

एक नजर में

साधु संतों की मौजूदगी में जैन साधना भवन का लोकार्पण

इंदौर . रविवार को गुमास्ता नगर में जैन समाज के 6 मंजिला जैन साधना भवन का लोकार्पण कार्यक्रम हुआ. इस मौक पर समाज में साधु-साध्वी उपस्थित थे. वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ पश्चिम क्षेत्र ट्रस्ट ने यह भवन बनाया है. महासचिव सुभाष वन्यायक्या ने बताया कि जसवंतलाल शाह और सुधीर, श्रेणिक, सिद्धार्थ और विक्रम टुवावाला परिवार आयोजन के मुख्य लाभार्थी हैं.

जिला माहेश्वरी सभा झाबुआ का निर्विरोध गठन

झाबुआ। जिला माहेश्वरी सभा झाबुआ के नवीन कार्यकाल के लिए निर्वाचन शांतिपूर्ण और सर्वसम्मति के वातावरण में हुआ। समाज की एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती का परिचय देते हुए सभी प्रमुख पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी नारायण बजाज और सहायक निर्वाचन अधिकारी दीपक जाखेटिया के मार्गदर्शन में साथ ही निर्वाचन पर्यवेक्षक रविकांत परवाल और गोविंद गुप्ता की उपस्थिति में माहेश्वरी समाज गोपाल मंदिर में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महेश के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। वरिष्ठ समाजसेवी राधाकिशन राठी गंभीर मालजी राठी डॉ.भगवान दास सहित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर निर्वाचन प्रक्रिया का शुभारंभ किया। निर्वाचन के दौरान समाज के वरिष्ठजनों एवं सदस्यों ने आपसी सहमति से नई कार्यकारिणी का चयन किया। सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन होने से समाज में उत्साह और हर्ष का वातावरण रहा। समाजजनों ने इसे संगठन की एकता, पारदर्शिता और आपसी विश्वास का प्रतीक बताया। नवगठित जिला माहेश्वरी सभा में अर्पित राठी को जिला अध्यक्ष तथा कमलेश चिचाणी को जिला सचिव चुना गया। अध्यक्ष बनने पर अर्पित राठी का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया, वहीं कमलेश चिचाणी ने संगठन को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। नई कार्यकारिणी इस प्रकार रही जिलाध्यक्ष अर्पित राठी, जिला सचिव कमलेश चिचाणी, उपाध्यक्ष जितेन बांगड़, अनिल कोठारी (झाबुआ) संयुक्त सचिव पवन सोनी, हर्षवर्धन राठी कोषाध्यक्ष हनुमान चांडक, संगठन मंत्री सर्वेश सोडानी, प्रचार मंत्री संदीप माहेश्वरी इसके साथ ही दीपक बांगड़ को अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा का कार्यकारी मंडल सदस्य तथा पंकज जाखेटिया को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया गया। वहीं ललित अजमेरा, संजय पलोड़, पल्लव चिचाणी एवं भगवानदास काबरा का चयन प्रदेश कार्यकारी मंडल सदस्य के रूप में किया गया।

मंत्री निर्मला भूरिया ने किया 8 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

▶ नगर परिषद पेटलावद क्षेत्र में किया विकास के लिए आयोजन

पेटलावद। मध्य प्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया ने सोमवार को विधानसभा के नगर परिषद पेटलावद क्षेत्र में विकास कार्यों की झड़ी लगा दी। मंत्री भूरिया ने करीब 8 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री भूरिया ने पंपावती नदी पर तेजाजी मंदिर से फूटा मंदिर तक सड़क निर्माण, अमृत 2.0 योजना अंतर्गत मुक्तिधाम में बगीचा निर्माण, वार्ड 8 में सामुदायिक भवन का

निर्माण, 275.43 लाख रुपये की लागत से बनने वाला अंग्रेजी माध्यम छात्रावास शामिल है। संबोधित करते हुए मंत्री भूरिया ने कहा, मैं जितना भी विकास कार्य कर लूं, मुझे कम ही लगता है। मेरा निरंतर प्रयास है कि नए-नए नवाचारों के माध्यम से आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। आपके आशीर्वाद से ही मप्र शासन में मंत्री का जिम्मा निभा रही हूं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि क्षेत्र को घना जंगल बनाने के लिए उपयुक्त स्थानों का चयन किया जा रहा है। नगर परिषद अध्यक्ष ललिता योगेश गामड़ ने स्वागत भाषण दिया। जिला उपाध्यक्ष हेमन्त भट्ट ने मंत्री निर्मला भूरिया को सौगातों की जननी बताते हुए उनके अथक प्रयासों की सराहना की। संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय कहार ने किया। आभार सीएमओ राहुल वर्मा ने माना। नगर परिषद अध्यक्ष ललिता योगेश गामड़, उपाध्यक्ष किरण संजय कहार, जनपद अध्यक्ष रमेश सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष हेमंत भट्ट, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय कहार, वरिष्ठ नेता अनोखीलाल मेहता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विनोद भंडारी, पुरुषोत्तम पाटीदार, राजेश पाटीदार, पूर्व पार्षद हीरालाल राठौड़, लाला चौधरी, प्रकाश मुलेवा, बाबूलाल काग, अनिल मुलेवा, योगेश गामड़, सोनू विश्वकर्मा, सुखराम मोरी, जगदीश जाटव, लोकेश भंडारी, संजय भंडारी, मुकेश परमार, अशोक मेहता, संजय चाणोदिया, संजय मालवी, राकेश मांडोत, श्यामू मेड़ा, हंसा राठौड़, ममता गुजराती, चांदनी निमजा, शिवा राठौड़, सुमन सोलंकी, मुकेश पडियार दिनेश पप्पू पडियार, आशीष बाविस्कर, कुणाल नागर, दीपक वास्कले, शुभम सेन विशेष रूप से मौजूद रहे।

पंचामृत सहस्त्रधारा से किया प्रभु वेंकटेश का महाभिषेक

इंदौर . छत्रीबाग स्थित लक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान में आयोजित ब्रह्मोत्सव एवं रथयात्रा महोत्सव के तीसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला. प्रातःकाल वैदिक मंत्रोच्चार, स्तोत्र पाठ एवं सुमधुर वाद्य ध्वनि के बीच भगवान श्री वेंकटेश का पंचामृत एवं सहस्त्रधारा महाभिषेक संपन्न हुआ.

नागोरिया पीठाधीश्वर स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज एवं देशभर से पधारे संतों के सान्निध्य में भगवान का दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, इत्र, केसर, फलों के रस, औषधियों एवं विभिन्न पवित्र नदियों के जल से अभिषेक किया गया. अभिषेक के दौरान भगवान का माखन से विशेष श्रृंगार किया गया तथा बाद में माखन

प्रसाद भक्तों में वितरित किया गया. अभिषेक से पूर्व यजमान प्रभुदयाल तोतला परिवार ने कलश पूजन किया।महाभिषेक के पश्चात भगवान श्री वेंकटेश, श्रीदेवी एवं भूदेवी का विशेष श्रृंगार कर संतों ने भक्तों को आशीर्वचन दिए.

किसान ले सकेंगे पीएम फसल बीमा योजना का लाभ

बड़वानी। एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को मध्य प्रदेश सरकार ने रबी-2026 सीजन के लिए अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, झाबुआ, खंडवा (पूर्वी निमाड़) और खरगोन जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है. इन जिलों में इस योजना का क्रियान्वयन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा योजना के अंतर्गगत अधिसूचित फसलों के लिए किया जाएगा, जिनके लिए फसलों के अनुसार अंतिम तिथि 31 जुलाई है. इस योजना के अंतर्गत फसल चक्र के हर चरण के लिए बीमा कवर मिलेगा, जिसमें बुआई से पहले, कटाई और कटाई के बाद के जोखिम भी शामिल हैं. पीएम एफबीवाई योजना के अंतर्गत आने वाले सभी उत्पाद मध्यप्रदेश सरकार के कृषि विभाग से अनुमोदित हैं. अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, झाबुआ, खंडवा (पूर्वीनिमाड़) औ रखरगोन जिलों के किसान अपने जिले के बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) या अधिकृत एचडीएफसी इर्गो एजेंट से ऊपर सूचीबद्ध फसलों के लिए पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत बीमा कवर प्राप्त कर सकते हैं. बीमा कवर प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं अन्य विवरण कृषि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं

एचडीएफसी इर्गो ने पीएम फलस बीमा योजना लागू की

आलीराजपुर। एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को मध्य प्रदेश सरकार ने रबी-2026 सीजन के लिए अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, झाबुआ, खंडवा (पूर्वी निमाड़) और खरगोन जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है. इन जिलों में इस योजना का क्रियान्वयन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा योजना के अंतर्गगत अधिसूचित फसलों के लिए किया जाएगा, जिनके लिए फसलों के अनुसार अंतिम तिथि 31 जुलाई है. इस योजना के अंतर्गत फसल चक्र के हर चरण के लिए बीमा कवर मिलेगा, जिसमें बुआई से पहले, कटाई और कटाई के बाद के जोखिम भी शामिल हैं. पीएम एफबीवाई योजना के अंतर्गत आने वाले सभी उत्पाद मध्यप्रदेश सरकार के कृषि विभाग से अनुमोदित हैं. अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, झाबुआ, खंडवा (पूर्वीनिमाड़) औ रखरगोन जिलों के किसान अपने जिले के बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) या अधिकृत एचडीएफसी इर्गो एजेंट से ऊपर सूचीबद्ध फसलों के लिए पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत बीमा कवर प्राप्त कर सकते हैं. बीमा कवर प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं अन्य विवरण कृषि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं.

एक नजर ▶ अधिकारियों को छात्रावासों के नियमित निरीक्षण करने के दिए निर्देश

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में विभाग ए-ग्रेड करें हासिल : कलेक्टर

आलीराजपुर। कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, संबल 2.0 सहित विभिन्न योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई।

कलेक्टर माथुर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक एवं समय-सीमा में निराकरण कर ए-ग्रेड प्राप्त करना

सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नॉन-अटेंडेंट शिकायतें रखने वाले संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों का पंजीयन सुनिश्चित करे। बैठक में संबल 2.0 योजना की समीक्षा करते हुए प्रगति बढ़ाने तथा समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों के जवाब शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। साथ ही सभी जनपद सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ को आदि सेवा केंद्रों की मैपिंग संबंधी प्रविष्टि पोर्टल पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर माथुर ने छात्रावासों की व्यवस्थाओं और समस्याओं की नियमित निगरानी को दृष्टिगत रखते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को जारी ड्यूटी आदेश के अनुसार आवंटित छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए।